NEWS @ JNU

NEWS IN BRIEF

जेएनयू में केक मिक्सिंग सेरेमनी आयोजित

सिटी रिपोर्टर • जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में शनिवार को क्रिसमस केक मिक्सिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसी के साथ जेएनयू अनाथालय के बच्चों को किताबें, कपड़े और केक बांटकर इस पर्व को सेलिब्रेट करने के लिए तैयार है। जेएनयू में शनिवार को होटल मैनेजमेंट स्कूल के स्टूडेंट्स केक तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने कहा कि क्रिसमस का दुनिया भर मनाते हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन जेएनयू परिवार के सदस्य अनाथालय में जाकर जरूरतमंद बच्चों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट करेंगे। जेएनयू हॉस्पिटल शहर के कई अनाथालयों में निशुल्क चिकित्सा जांच और परामर्श व मुफ्त दवाइयां मुहैया करवा रहा है।

BIZ CONNECT

DR PREETI BAKSHI HONOURED

Dr Preeti Bakshi has been honoured with International Global Leadership Award at The International Leadership Summit 2018 in Sri Lanka. Dr Bakshi has been awarded for her unprecedented contribution in the field of education. She has done commendable work in fulfilling the basic needs of destitute, helpless and unemployed people. She is determined to provide world class education to students from nursery to university.

ढाई साल के बच्चे की जबड़े की जटिल बीमारी ऑपरेशन से ठीक

हैल्थ रिपोर्टर. जयपुर। जेएनयू हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने दो साल के बच्चे के जबड़े की जटिल बीमारी का सफल ऑपरेशन किया है। आयुष को टीएमजे एंकेलोसिस यानी जबड़े के जोड़ में दर्द और जकड़न की बीमारी थी। बच्चा ना ठीक से खाना खा पाता था और ना ही बोल पाता था।

जमवारामगढ़ के आंधी गांव निवासी हनुमान ने बताया कि उनके बेटे आयुष को कई महीनों से जबड़ों के जोड़ में दर्द और जकड़न थी। परिजन उसे जेएनयू हॉस्पिटल लेकर आए। हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. लोकेश अग्रवाल और प्लास्टिक सर्जन डॉ. सत्यव्रत मोहंती की टीम ने 4 घंटे में यह जटिल ऑपरेशन किया। जेएनयू हॉस्पिटल के चेयरपर्सन डॉ संदीप बख्शी और हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. ए डी माथुर ने बताया कि ऑपरेशन का खर्चा 1 लाख से अधिक आता है। लेकिन बच्चे का इलाज भामाशाह योजना के तहत मुफ्त में किया गया है।

जेएनयू को किया 'बेस्ट एजुकेशन ब्रांड्स-2019' अवॉर्ड से सम्मानित

सिटी रिपोर्टर • जगतपुरा स्थित जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी को बेस्ट एजुकेशन ब्रांड्स-2019 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी को शिक्षण और अनुसंधान की दिशा में विशिष्ट प्रयासों और योगदान के लिए आर्थिक समाचार पत्र द इकोनॉमिक्स टाइम्स की ओर से यह अवॉर्ड दिया गया। मुंबई में आयोजित सेरेमनी में फिल्म निर्देशक सुभाष घई ने यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. एचएन वर्मा को यह अवॉर्ड प्रदान किया। द इकोनॉमिक्स टाइम्स की ओर से अवॉर्ड के लिए देश भर के शिक्षण संस्थानों का सर्वे किया गया था, जिसमें टीचिंग और फैकल्टी स्तर, मूलभूत ढांचा, टीचिंग मैथड्स, कोर्स कंटेंट, प्लेसमेंट, जागरूकता और अवधारणा आदि मानक अवॉर्ड चयन प्रक्रिया के लिए तय किए थे। चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने अवॉर्ड मिलने पर कहा, यह पूरे जेएनयू परिवार के लिए गर्व की बात है। यह अवॉर्ड यूनिवर्सिटी की निरंतर प्रगति और अकादमिक योगदान को दर्शाता है।

जेएनयू में फाउंडेशन डे पर 105 फीट ऊंचा तिरंगा लहराया

सिटी रिपोर्टर • कैंपस में 105 फीट ऊंचा तिरंगा लहराते हुए फाउंडेशन डे मनाया गया। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के 11 साल पूरे होने पर हुए प्रोग्राम में चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने संस्थान में पांच और दस साल पूरे करने पर टीचर्स, चिकित्सकों और स्टाफ को सेवाओं के लिए अभिनंदन किया। बख्शी ने कहा यह पल हम सभी के लिए गर्व अनुभूति का है। पिछले 11 वर्षों में यूनिवर्सिटी ने एकेडमिक उपलब्धियों के लिए लोगों का विश्वास जीता है। समारोह में जेएनयू की सफल यात्रा में कुशल नेतृत्व, कार्य प्रबंधन और मार्गदर्शन के लिए जेएनयू परिवार की ओर से बख्शी का भी अभिनंदन किया गया। बख्शी बताते हैं कि प्राइवेट सेक्टर में जेएनयू कैंपस है जहां सबसे ऊंचा तिरंगा लहराया गया है।

A medical conclave in Jaipur to draw a road map for health research & control of diseases

मूक-बधिर बच्ची बोल-सुन सकेगी

जयपुर। मूक बधिर बच्ची अब सुन सकेगी और बोलेगी भी। ऐसा संभव हुआ कॉक्लियर इंप्लांट से। जेएनयू हॉस्पिटल में ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. सतीश जैन ने कॉक्लियर इंप्लांट किया। डॉ. सतीश जैन ने बताया मुरलीपुरा निवासी बृजेश यादव की बेटी जन्म से ही मूक-बधिर थी। हियरिंग मशीन लगाई पर यह सफल नहीं रही। कॉक्लियर इंप्लांट में सीनियर सर्जन डॉ. एएस बापना, डॉ. एसडी शर्मा व डॉ. अभिनव राठी रहे। डॉ. सतीश ने बताया अब बच्ची सुन और बोल सकेगी। कॉलेज चेयरपर्सन डॉ.संदीप बक्शी ने बताया यह कारगर तकनीक है। गौरतलब है कि डॉ. सतीश जैन 2004 से कॉक्लियर इंप्लांट कर रहे हैं।

डॉ. संदीप बक्शी को प्राइड ऑफ द नेशन इंडियाज ग्रेटेस्ट लीडर्स 2017-18 अवार्ड

सिटी रिपोर्टर • जयपुर

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी को प्राइड ऑफ द नेशन इंडियाज ग्रेटेस्ट लीडर्स 2017-18 अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुंबई में हुए एक प्रोग्राम में यह अवॉर्ड उन्हें ... पेट्रो टोकोव ने दिया। प्रोग्राम के चीफ गेस्ट केंद्रीय महिला और विकास मंत्री मेनका गांधी थी और उनके साथ भारत में आइसलैंड के काउंसलर जनरल गुल कृपलानी, स्वीडन के काउंसलर जनरल उलरिका संडबर्ग, अर्जेंटिना के काउंसलर जनरल एलेजेंड्रो जोसेफ मेयर, मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष कुमार चौहान, सहित राजनीतिक, मीडिया, फिल्म इंडस्ट्री और कार्पोरेट जगत

Convocation Ceremony

14 हजार स्टूडेंट्स को मिली डिग्रियां, 48 को गोल्ड मेडल और 81 को पीएचडी

सिटी रिपोर्टर • जयपुर

14 हजार स्टूडेंट्स को डिग्री, 48 को गोल्ड मेडल और 81 को पीएचडी की उपाधि देकर सुनहरे भविष्य की कामना की। मौका था शनिवार को जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के 9वें कन्वोकेशन सेरेमनी का। समारोह में 81 पीएचडी सहित कुल 1453 स्टूडेंट्स को यूजी और पीजी की डिग्रियां, 81 डिप्लोमा प्रदान किए गए। 48 टॉपर्स को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं स्टूडेंट्स को उनकी फोटो लगी डिग्रियां प्रदान की गई।

जेएनयू के मेन कैंपस में आयोजित इस कन्वोकेशन सेरेमनी में यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सदी में भारत युवा ऊर्जा से ओतप्रोत राष्ट्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। युवाओं के नेतृत्व और योगदान से ही भारत विश्व में सबसे शक्तिशाली और समृद्ध देश बनकर उभर सकता है।

उन्होंने बताया कि समारोह में करीब 1800 से अधिक रेगुलर स्टूडेंट्स और 14000 डिस्टेंस एजुकेशन से पास आउट को डिग्री, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। जेएनयू प्रबंधन की छात्र व शिक्षक केंद्रित नीतियों और प्रतिबद्धता के कारण इस साल से छात्रवृत्ति और रिसर्च विकास के लिए 1.70 करोड़ की राशि निर्धारित की गई। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

Free plastic surgery camp at JNU hospital

Jaipur: Three-day State level Mega Plastic surgery camp was inaugurated by DB Gupta, Chief Secretary, at JNU Hospital on Sunday under the aegis of JNUIMRC and Bharatiya Jain Sanghtan. Dr Supriya Dixit Hayer with her 29-member team in which 9 specialist plastic surgeons from America & Germany and 20 expert doctors will conduct free operation and treatment.

On this occasion, chairperson of JNU Hospital Dr Sandeep Bakshi felicitated DB Gupta and the team of doctors and experts from abroad.

In his inaugural speech, Gupta congratulated the organisers for conducting such camp and appreciated the contribution of private hospitals in the field of medical and health on PPP model.

Gupta appealed to all doctors to utilise latest plastic surgery techniques for poor and needy people. He mentioned the commendable achievements of JNU Hospital within a short period.

Chairperson of JNU Hospital & Medical College Dr Sandeep Bakshi said that at JNU Hospital best health care management is being provided under the guidance of world renowned doctors with latest medical techniques which has won the confidence of patients from all over state.

जेएनयू में इंडक्शन प्रोग्राम

प्रतिभाओं को मिले गोल्ड मैडल

जयपुर • जगतपुरा स्थित जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशार्थी स्टूडेंट्स का तिलक व रोली बांधकर स्वागत किया और टॉपर्स को गोल्ड मैडल वितरण की परंपरा के साथ शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। कालेज के चेयरमैन डॉ संदीप बख्शी ने पिछले शैक्षणिक सत्र में एमबीबीएस के विभिन्न विषयों में टॉपर रहे प्रतिभाओं को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया। जिसमें मनुकसिंह बख्शी मेमोरियल गोल्ड मैडल अवार्ड एनाटॉमी को टॉपर हिलमी कश्यप, फिजियोलॉजी और बायोकैमेस्ट्री दोनों में टॉपर्स किरन कुमारी को गोल्ड मैडल प्रदान किया गया। इन प्रतिभाओं ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए थे। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रिंसिपल अमीलाल भटट, हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट मेजर जनरल डॉ एडी माथुर उपस्थित थे।

चेहरे की विकृतियां ही नहीं बल्कि कैंसर, न्यूरो और ट्रॉमा में भी प्लास्टिक सर्जरी उपयोगी

जयपुर। जेएनयू इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर जयपुर और भारतीय जैन संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जेएनयू हॉस्पिटल में रविवार को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मेगा प्लास्टिक सर्जरी कैंप शिविर शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन राजस्थान सरकार में मुख्य सचिव, डी.बी.गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्लास्टिक सर्जरी की नवीनतम चिकित्सा पद्धति और तकनीकी सुविधाओं का गरीब और जरूरतमंदों के उपचार में अधिकतम उपयोग कर अपनी दायित्व निभाएं। हॉस्पिटल के चेयरपर्सन डॉ संदीप बक्शी ने कहा कि शिविर में जरूरतमंद का निशुल्क इलाज होगा। शिविर में डॉ.सुप्रिया दीक्षित के नेतृत्व में 29 सदस्यीय पहुंची है, जो कि रोगियों का निशुल्क जांच और उपचार करेगी। इस टीम में अमेरिका और जर्मनी के 9 प्लास्टिक सर्जन्स एवं 20 अनुभवी डॉक्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। हॉस्पिटल के चेयरपर्सन डॉ संदीप बक्शी ने मुख्य सचिव गुप्ता सहित चिकित्सा टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट किए। शिविर से डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ को एक प्लास्टिक सर्जरी के कौशल में नया अनुभव मिलेगा। जर्मनी के ईएनटी और प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ जोहान्स वीट ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से बर्न, हाथ, पैर, चेहरे, माइक्रोवेस्कुलर और कॉस्मेटिक का बेहतर इलाज किया जाता है। शिविर में पहले दिन 800 रोगियों ने रजिस्ट्रेशन कराए, जिसमें से 100 रोगियों के ऑपरेशन के लिए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधीक्षक (मेजर जनरल रिटायर) डॉ.एडी माथुर ने कहा कैंप में निशुल्क जांच उपचार और ऑपरेशन के अलावा परिजनों के ठहरने और भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज जयपुर डॉ.सुधीर भंडारी का शिविर के आयोजन में भूमिका निभाई।

Clubs & Societies/ACTIVITY

जेएनयू हॉस्पिटल और भारतीय जैन संगठनों की ओर से फ्री प्लास्टिक सर्जरी कैंप की हुई शुरुआत

प्लास्टिक सर्जरी कैंप में 800 पेशेंट्स की हुई फ्री जांच

9 प्लास्टिक सर्जन की टीम अमेरिका और जर्मनी के | 800 पेशेंट्स की फ्री जांच | 100 से ज्यादा के ऑपरेशन की हुई जांच प्रक्रिया

सिटी रिपोर्टर • जयपुर

टी 55 टैंक के साथ सेलिब्रेशन

सिटी रिपोर्टर • जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में गणतंत्र दिवस समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। यूनिवर्सिटी के मेन कैंपस में आयोजित समारोह में चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने झंडारोहण किया। इस मौके पर चांसलर ने रिसर्च प्रोजेक्ट और जेआरएफ योजना और स्कॉलरशिप के लिए 80 लाख की घोषणा की। डॉ. बक्शी ने कहा कि सीमा आर्मी दुश्मन के छक्के छुड़ाने के बाद अब टी 55 टैंक जेएनयू कैंपस में युवाओं के लिए गौरव, सम्मान और जज्बे का प्रतीक है।

ब्रेस्ट कैंसर के नवीनतम आधुनिक उपचार के बारे में दी जानकारी

जयपुर • जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को मेडिकल एजुकेशन लेक्चर का आयोजन किया गया। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ सर्जन और जे.एन.यू हॉस्पिटल कॉलेज की ओर से संगोष्ठी में जाने माने प्लास्टिक सर्जन और कॉस्मेटोलॉजिस्ट ने भाग लिया। इस में इंग्लैंड से आए जाने माने प्लास्टिक डॉ. भगवत स्वरूप माथुर के साथ एसएमएस हॉस्पिटल के प्रिंसीपल डॉ. भंडारी, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप और डॉ.अनिल गुप्ता भी उपस्थित थे। शल्य चिकित्सकों ने ब्रेस्ट संबंधी सभी विकारों के बारे में पूर्ण जानकारी, एडवांस मैमोप्लास्टी, सीलोकोन इम्प्लांटेशन और नवीनतम आधुनिक उपचार के बारे में जानकारी दी। चिकित्सा के बाद हटाने की प्रक्रिया के बाद भविष्य में होने वाली शारीरिक एवं मानसिक जटिलताओं के निदान पर भी प्रकाश डाला गया। एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. सुधीर भंडारी ने ब्रेस्ट कैंसर पर चर्चा करते हुए कहा कि मास्टक्टोमी महिलाओं के आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान को प्रभावित करता है।